कार्यालय :– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल)

विज्ञप्ति

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा INSPIRE (Innovation in science pursuit for Inspired Research) योजना के अन्तर्गत Scholarship for higher Education (SHE) हेतु मान्यता प्राप्त कालेज एवं विश्वविद्यालय में B.Sc., B.Sc. (Hons), four years B.S. तथा five years Integreated M.Sc./M.S. Programme में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन विज्ञान एवं तकनीकी अनुभाग द्वारा इस छात्रवृत्ति के लिए अर्ह विद्यार्थियों का चयन इण्टरमीडिएट की परिषदीय परीक्षा 2014 में सम्मिलित Top-01 प्रतिशत उत्तीर्ण विज्ञान विषय के परीक्षार्थियों में से किया जाना है। ऐसे विद्यार्थी यदि छात्रवृत्ति हेतु चयनित कर लिये जाते हैं तो उन्हें प्रतिवर्ष रू0 80,000.00 (रू0 अस्सी हजार) मात्र की छात्रवृत्ति उच्च शिक्षा हेतु पांच वर्षों तक प्रदान की जायेगी। उपरोक्त छात्रवृत्ति योजना हेतु अर्ह विद्यार्थियों को उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा कक्षा–12 के अंक पत्र के साथ एक मैरिट प्रमाण पत्र पृथक से प्रदान किया गया है। वर्ष 2014 में Top-01 प्रतिशत विद्यार्थियों में वे विद्यार्थी शामिल है, जिनका प्राप्तांक 71.60 प्रतिशत या इससे अधिक है। यदि सन्निरीक्षा के उपरान्त विद्यार्थी का कुल प्राप्तांक 71.60 प्रतिशत या इससे अधिक हो जाता है तो ऐसे विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं। परिषदीय परीक्षा 2014 की इण्टरमीडिएट परीक्षा में 71.60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों को मैरिट प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है तो वे भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। जो विद्यार्थी उक्त छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करना चाहते हैं, वे छात्रवृत्ति सम्बन्धी अन्य जानकारियां वेबसाइट http://www.online-inspire.gov.in एवं www.inspire-dst.gov.in से प्राप्त करें। आवेदन करने हेतु प्रमुख बिन्दु निम्नवत् है–

1. ऑनलाईन आवेदन 01 अगस्त 2014 समय प्रातः 10.00 बजे से 31 अक्टूबर 2014 समय सायं 5.00 बजे तक किया जा सकता है।
2. ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात इण्टरनेट से प्रिंट आउट लेना अनिवार्य है।
3. उक्त प्रिंट आउट तथा ऑफ लाईन आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करते हुए केवल साधारण डाक से निम्न पते पर प्रेषित करें। The Director, National Institute fo Science, Technology & Development Studies (NISTADS), Dr. K.S. Krishnan Marg. Delhi-110012
4. आवेदन पत्र के लिफाफे केऊपर Appliction for INSPIRE Scholarship for 2014 लिखना अनिवार्य है। आवेदन पत्र का उपरोक्त पते पर पंहुचना अनिवार्य है।

पूरित आवेदन पत्र परिषद् कार्यालय, रामनगर (नैनीताल) को कदापि प्रेषित न करें। इस छात्रवृत्ति से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु उपरोक्त वेबसाईट के साथ–साथ परिषद् की वेबसाईट www.ubse.uk.gov.in पर लॉग इन करें।

नोट :– मैरिट प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर परिषद् विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्राप्त होने की कोई गारन्टी नहीं देता है, मैरिट प्रमाण पत्र मात्र विद्यार्थियों को उक्त छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने के लिए अर्ह बनाता है। छात्रवृत्ति का अंतिम आंवटन उक्त मंत्रालय द्वारा बनाई गई योग्यता सूची के अनुसार होता है, जिसमें परिषद् कार्यालय की कोई भूमिका नहीं है।

(डॉ0 डी0के0 मथेला)
सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)
19/8/14

D:\Vigyapti Prakashan\Vigyapti & Letter, Teep.doc